लाल कृष्ण आडवाणी 8 नवम्बर 1927 के बाद का सफर Pdf डाउनलोड

लाल कृष्ण आडवाणी का राजनैतिक जीवन जिसे भारत के प्रत्येक नागरिक क़ो जानना चाहिए

लाल कृष्ण आडवाणी 8 नवम्बर 1927 कराची पाकिस्तान मे हुआ उसके बाद भारत का विभाजन हुआ, भारत देश के 2 हिस्से हुए लेकिन क्या किसी ने कल्पना की होंगी, यह इंसान आने वाले दिनों में आरएसएस और वर्तमान की सबसे बड़े राजनैतिक दल की गाथा लिखेगा यहाँ लाल कृष्ण आडवाणी के राजनैतिक सफर क़ो समझेंगे

भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व डिप्टी पीएम लालकृष्ण आडवाणी (97) को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया इसकी पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी।

लाल कृष्ण अडवाणी जी का राजनैतिक सफर

उन्होंने लिखा था कि 'वे हमारे समय के सबसे सम्मानित स्टेट्समैन हैं और भारत देश के विकास के लिए उनका योगदान कोई भूल नहीं सकता है। राम मंदिर आंदोलन के लिए आडवाणी ने 63 साल की उम्र 'में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा निकाली थी और यही कारण था कि साल 1984 में महज दो सीटें जीतने वाली भाजपा को 1991 में 120 सीटें मिली थी

• अटल के बाद आडवाणी भाजपा के दूसरे नेता हैं, जिन्हें भारत रत्न से नवाजा जाएगा। जनसंघ के नानाजी देशमुख को 2019 में यह सर्वोच्च सम्मान मिला था।

• अब तक 50 शख्सियतों को भारत रत्न से नवाजा गया है। लालकृष्ण आडवाणी यह सम्मान पाने वाले 32वें राजनेता थे

8 नवंबर 1927 को कराची में जन्मे आडवाणी 1942 में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे।

आजादी के वाद का सफर किस तरह का रहा |

1947 में आजादी के बाद उनका पूरा**:-**

परिवार पाकिस्तान से भारत आ गया था। यहां वे पहले जनसंघ पार्टी से जुड़े थे। फिर जनता पार्टी में दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ अहम जिम्मेदारियां संभालते रहे।

• 1980 में भाजपा के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। 1989 में वे पहली बार भारत के गृह मंत्री बने। 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृहमंत्री रहे।

लाल कृष्ण आडवाणी अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में क्या भूमिका रही**?**

वह 2002 से 2004 के बीच अटल सरकार में उप-प्रधानमंत्री रहे। 7वें डिप्टी पीएम थे।

2015 में आडवाणी देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से पुरुस्कार से सम्मानित किए गए थे।

लाल कृष्ण आडवाणी ने रथ यात्रा कहाँ से कहाँ तक निकली थी**?**

उन्होंने गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक, इस समय आडवाणी जी की उम्र 63 वर्ष थी |

आडवाणी जी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से कब जुड़े थे **?**

1942 में